Providing NHS services

Diabetes Support at Oviva

ओविवा मधुमेह सहायता'आपके क्षेत्र में रहने वाले टाइप 2 डायबिटीज़ से पीड़ित लोगों के लिए उपलब्ध एक नि:शुल्क सेवा है, जो उनकी सेहत को बेहतर बनाने और डायबिटीज़ को और भी अच्छी तरह मैनेज करने में उनकी मदद करती है।

प्रोग्राम में शामिल होने के लिए अपने जनरल प्रैक्टिशनर (GP) से संपर्क करें या आज ही www.oviva.com/my-diabetes पर साइन अप करें

सेवा प्रदाता

Oviva

NHS
Providing NHS services

सिर्फ़ आपकी बेहतरी के लिए बनाया गया हेल्थकेयर प्लान

जब आप इसमें शामिल होंगे, तो हम आपकी पसंद-नापसंद पर चर्चा करेंगे और खास आपको ध्यान में रखकर तैयार किया गया एक ऐसा हेल्थकेयर प्लान देंगे, जो आपके लिए कारगर साबित हो। आपके प्लान के अनुसार, आपका संपर्क किसी हेल्थ कोच या हेल्थ कोच की सलाह पर चलने वाले कम्युनिटी ग्रुप से करवाया जाएगा, जिसमें इस प्रोग्राम में शामिल ऐसे अन्य लोग होंगे, जो बदलाव लाने में आपकी मदद करेंगे।

Oviva ऐप और Oviva Learn।

साक्ष्य बताते हैं कि अपने वज़न और जीवनशैली पर पैनी नज़र रखने वाले लोगों की वज़न घटाने के अपने लक्ष्य तक दोगुनी तेज़ी से पहुँचने की संभावना होती है। Oviva ऐप की मदद से आप अपने खान-पान और गतिविधि पर नज़र रख सकते हैं, अपनी Oviva कम्युनिटी या हेल्थ कोच को मैसेज भेज सकते हैं, घूमते-फिरते हुए भी मददगार संसाधनों तक पहुँच सकते हैं और मनचाहे परिणाम हासिल करने में मदद पाने के लिए अपने लक्ष्यों पर नज़र रख सकते हैं।

यह महज़ ऐप से कहीं बढ़कर है।

'माई डायबिटीज़ हेल्थकेयर' व्यक्तिगत देखभाल और हमारे विशिष्ट डिजिटल टूल, Oviva ऐप और Oviva Learn की विशेषताओं के मिश्रण का इस्तेमाल करके जीवनशैली में बदलाव लाने में आपकी मदद करता है। यह मिश्रित तरीका व्यवहार में बदलाव लाने वाले विशेषज्ञों द्वारा डिज़ाइन किया गया है, ताकि स्वास्थ्य से जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने की आपकी संभावना को बढ़ाया जा सके।

आप क्या हासिल कर सकते हैं?

इस प्रोग्राम का उद्देश्य डायबिटीज़ को बेहतर ढंग से मैनेज करने, आहार की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और जीवनशैली को ज़्यादा स्वस्थ और खुशहाल बनाने वाली आदतें अपनाने में लोगों की मदद करना है। जो लोग इस प्रोग्राम में वज़न घटाने के मकसद से शामिल होते हैं, वे औसतन 4 किग्रा तक अपना वज़न कम कर लेते हैं और टाइप 2 डायबिटीज़ के 4 में से 1 मरीज़ अपनी समस्या पर काबू रखने में कामयाब हो जाते हैं!

प्रोग्राम में शाममल होने के मलए अपने जनरल प्रक्ृ टिशनर (GP) से संपकक करें या आज ही www.oviva.com/my-diabetes पर साइन अप करें

सेवा प्रदाता
Oviva